तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 हर विद्यार्थी को अपना बच्चा समझकर पढ़ाइए- कलेक्टर





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### हस्तिनापुर में पौधरोपण अभियान आज

**मनेन्द्रगढ़।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 20 जुलाई को ग्राम हस्तिनापुर स्थित एक स्टोन क्रेशर परिसर में विशाल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं पर्यावरण प्रेमियों को सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण का निर्माण करना है।

### रोशनी बनीं पटना की तहसीलदार

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कार्यालयीन कार्य व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जिले के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के कार्य विभाजन में अस्थायी परिवर्तन करते हुए नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके तहत बैकुंठपुर तहसीलदार सुश्री रोशनी तिर्की को पटना तहसील का प्रभार सौंपा गया है। नायब तहसीलदार शुभ कोशले को बैकुण्ठपुर में प्रभारी तहसीलदार के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। नायब तहसीलदार सिराज अहमद को पोड़ी (बचरा) से बैकुंठपुर नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ किया गया है। नायब तहसीलदार प्रीति भगत को सोनहत में यथावत रखा गया है, वहीं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख अभिसार पाण्डेय को पटना में प्रभारी नायब तहसीलदार के रुप यथावत रखा गया है। नई पदस्थापना के अनुसार तहसीलदार मुखदेव प्रसाद यादव को सोनहत एवं तहसीलदार संजय कुमार राठौर को पोड़ी (बचरा) का तहसीलदार बनाया गया है।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए तीन विद्यार्थियों का चयन

**चरचा कॉलरी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना के तहत कोरिया जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सत्र 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट लेवल एग्जीबिशन एंड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के तीन होनहार विद्यार्थियों का चयन स्टेट लेवल एग्जीबिशन एंड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन के लिए हुआ है। इस सफलता से जिले के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी की लहर है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों में कु. अनुराधना (शासकीय हाई स्कूल, कुशहा), कु. चंद्रमा सिंह (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोरंगा) तथा कु. खुशबू राजवाड़े (शासकीय हाई स्कूल, सरडी) शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने अपनी मौलिक, नवाचारी एवं उपयोगी वैज्ञानिक परियोजनाओं के माध्यम से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए राज्य स्तर तक का सफर तय किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता जिले के लिए गर्व का विषय है।

### आवागमन ठप, नाला पार करते एक ग्रामीण की बाइक बह गई

# तेज बारिश में आंजोकला नाले का रपटा बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत पटना क्षेत्र में शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद आई तेज बहाव से आंजोकला स्थित नवन पानी नाला पर बना रपटा क्षतिग्रस्त हो गया। इससे गिरजापुर सहित आसपास के कई गांवों के हजारों लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रपटा क्षतिग्रस्त होने के दौरान एक बाइक भी नाले के तेज बहाव में बह गई, हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डुमरिया से गिरजापुर जाने वाले मार्ग पर नवन पानी नाला में बना रपटा क्षेत्र के लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग था। शनिवार को कुछ घंटों की झमाझम बारिश के बाद नाले का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में रपटा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद इस मार्ग से आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। गिरजापुर, सूरजपुर सहित आसपास के ग्रामीणों के लिए ग्राम डुमरिया स्थित एनएच-43 तक पहुंचने का यह सबसे सुगम और कम दूरी वाला मार्ग था। रपटा टूटने के बाद अब लोगों को नगर पंचायत पटना होते हुए लंबा चक्कर लगाकर डुमरिया पहुंचना पड़ रहा है, जिससे समय और दूरी दोनों बढ़ गए हैं।





रपटा क्षतिग्रस्त, नाले का तेज बहाव।

### डेढ़ साल से पुल निर्माण की मांग

जिपं सदस्य राजेश साहू ने बताया कि नवन पानी नाला पर स्थायी पुल निर्माण की मांग पिछले डेढ़ वर्ष से लगातार प्रशासन के समक्ष उठाई जा रही है। उनका कहना है कि इस संबंध में प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के अलावा विधायक भईयालाल राजवाड़े, प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा सीएम को भी लिखित रूप से पुल निर्माण की मांग भेजी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### कई गांवों की बढ़ी परेशानी

रपटा क्षतिग्रस्त होने से गिरजापुर, आंजोकला और आसपास के कई गांवों के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। यह मार्ग डुमरिया और एनएच-43 तक पहुंचने का सबसे सीधा और कम दूरी वाला रास्ता था। अब ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों के लिए लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी पुल निर्माण और वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था करने की मांग की है।

## रजौली में 'कैच द रेन' अभियान कलेक्टर ने दिलाया जनसंकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जल मिशन के निदेर्शानुसार जिले के ग्राम रजौली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'कैच द रेन' अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


■ मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम में कलेक्टर रोक्तिमा यादव, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर वर्षा जल संरक्षण का संकल्प लिया। मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर जिलेवासियों को जल संरक्षण का संदेश दिया तथा वर्षा की प्रत्येक बूंद को सहेजने का संकल्प दोहराया। कलेक्टर ने कहा कि 'कैच द रेन' केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। यदि आज हम वर्षा जल का संरक्षण करेंगे, तभी भविष्य में जल संकट से बचा जा सकेगा। 'जहां गिरे, जब गिरे' सिद्धांत पर जल संरक्षण का आह्वान कलेक्टर ने कहा कि वर्षा जल को 'जहां गिरे, जब गिरे' वहीं संरक्षित करना इस अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि खेतों, बाड़ियों और खुले स्थानों में सोख्ता गड्ढों एवं अन्य जल संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल को भूमि के भीतर पहुंचाएं। साथ ही वर्षा समाप्त होने के बाद घरों से निकलने वाले पानी को भी सोख्ता गड्ढों के माध्यम से भूजल पुनर्भरण में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। अमृत सरोवर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत फलदार पौधरोपण कार्यक्रम के पश्चात ग्राम रजौली के अमृत सरोवर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत फलदार पौधरोपण किया गया। कलेक्टर रोक्तिमा यादव सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अमरूद, आम, नींबू और कटहल सहित विभिन्न फलदार पौधे लगाए। विद्यालय निरीक्षण में कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की कम ⏭ शेष पेज 4 पर

## कोरिया कॉलरी से पोड़ी जाने वाले मार्ग की हालत खराब

**कोरिया कॉलरी।** नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी से पोड़ी जाने वाले बीच पलथा जाम मार्ग की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। बारिश ने इस मार्ग को पूरी तरह जोखिम भरा बना दिया है। सड़क के दोनों ओर पहाड़ियों का तेजी से कटाव हो रहा है, जिससे बड़े-बड़े पत्थर और मिट्टी सड़क पर आकर जमा हो रहे हैं। वहीं सड़क किनारे खड़े विशालकाय पेड़ भी सड़क की ओर खतरनाक तरीके से झुक चुके हैं। ऐसे हालात में हर गुजरने वाला व्यक्ति अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर है।

तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि कई स्थानों पर सड़क के किनारे गहरे गड्ढे बन गए हैं। पहाड़ी से टूटकर आए पत्थर सड़क पर फैले हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। सबसे बड़ी चिंता सड़क किनारे झुके विशाल पेड़ों को लेकर है। बारिश से जमीन कमजोर हो चुकी है और पेड़ों की जड़ें भी ढीली पड़ रही हैं। यदि तेज बारिश या हवा के दौरान इनमें से कोई पेड़ सड़क पर गिरता है तो बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके बावजूद अब तक न तो पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई है और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था या चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन जनप्रतिनिधि अधिकारी सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। स्कूली बच्चे, कर्मचारी, मजदूर और ग्रामीण इसी सड़क से गुजरते हैं, लेकिन नगर निगम और संबंधित विभाग की ओर से सड़क की सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर पहल नहीं की जा रही है। बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले चुकी है।



लगातार कटाव जारी।

लोगों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन, जनप्रतिनिधि, केवल फोटो खिंचवाने और कागजी कार्रवाई तक सीमित है। यदि समय रहते पहाड़ी से गिर रहे मलबे को नहीं हटाया गया, सड़क किनारे बने गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई और झुके हुए पेड़ों को सुरक्षित नहीं किया गया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।जब खतरा साफ दिखाई दे रहा है, तब भी जिम्मेदार विभाग क्यों खामोश है? क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा, या फिर समय रहते इस जानलेवा मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे

## सेवा सेतु में अब 528 शासकीय सेवाएं एक क्लिक पर

**बैकुण्ठपुर।** सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से अब 36 विभागों की 528 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन मंच पर उपलब्ध हैं। राज्यभर में 16,802 से अधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर रहे हैं।

पहले ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं, लेकिन अब उसे विस्तारित कर सेवा सेतु पोर्टल के रूप में विकसित किया गया है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं ऑनलाइन, पारदर्शी और निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध हो रही हैं। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, भू-अभिलेख संबंधी सेवाएं, नाम संशोधन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आवेदन, श्रम एवं राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाएं सहित अनेक सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि एक ही पोर्टल से आवेदन कर समय पर सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। सेवा सेतु का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, स्ट्रीट लाइट परिवर्तन, साफ-सफाई संबंधी आवेदन तथा नाम परिवर्तन की राजपत्र अधिसूचना जैसी कई सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जो पहले केवल ऑफलाइन संचालित होती थीं।

### प्रशिक्षण से मजबूत हो रही व्यवस्था

सेवा सेतु के प्रभावी संचालन के लिए पंचायत सचिवों, सेवा केंद्र संचालकों तथा संबंधित विभागों के कर्मचारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर तक डिजिटल सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को त्वरित और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही पंचायत स्तर पर शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

## महिला नसबंदी ऑपरेशन शुरु

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 'जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा' के दौरान स्थानीय 220 बिस्तर शासकीय अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के विशेष प्रयासों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 2020-23 के लंबे अंतराल के बाद अस्पताल में सीटीटी महिला नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा को एक बार फिर से सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में सर्जन पूर्व संयुक्त संचालक डॉ. सुरेश तिवारी एवं डॉ. राजीव गुप्ता, एनेस्थेटिक डॉ. फिरोज शेख, ओटी प्रभारी सिस्टर पुष्पा पटेल, ओटी स्टाफ और अस्पताल टीम सिस्टर प्रियंका साहू, मुकेश शर्मा, संजय द्विवेदी एवं आकांक्षा जायसवाल एवं समर्पित चिकित्सा दल का विशेष योगदान रहा हैं।

## श्रद्धांजलि सभा...



**बैकुण्ठपुर।** नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए शहर के कुमार चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंवर समाज के जिला अध्यक्ष मनियार सिंह आयुष, प्रदेश अध्यक्ष मिंटू सिंह, जिलाध्यक्ष सनी पैकरा, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष विजय सिंह, विजय सिंह ठाकुर, आर एस चंदे, विश्वास भगत, रवि शंकर राजवाड़े, रविंद्र सिंह सहित समाज के समस्त पदाधिकारी सरपंच गण पुलिस लाइन के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### कुमार चौक पर प्रदर्शन, बड़ी संख्या में तैनात रही पुलिस

# किशोरी आत्महत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की किशोरी आत्महत्या मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में समाज के लोगों और मृतका के परिजनों ने विशाल रैली निकाली। रैली के बाद शहर के हृदय स्थल कुमार चौक पर घंटों धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता नंद कुमार साय, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रेमाबाग मंदिर परिसर से रैली शुरू हुई, जो प्रतीक्षा बस स्टैंड, पुराने बस स्टैंड और फव्वारा चौक होते हुए कुमार चौक पहुंची। यहां रैली आमसभा में बदल गई। प्रदर्शनकारियों ने किशोरी की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों की जल्द गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। सभा के दौरान वक्ताओं ने लोगों से आरोपियों के प्रतिष्ठान से खरीदारी नहीं करने की भी अपील की। धरना-प्रदर्शन में समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखते हुए मृतका को न्याय दिलाने की मांग दोहराई। कार्यक्रम में परिजनों के साथ कॉलोनीवासियों और आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ⏭ शेष पेज 4 पर



कुमार चौक पर प्रदर्शन करते लोग।



आदिवासी नेता नंद कुमार साय पहुंचे एसपी दफ्तर।

## अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल में सीबीएसई छात्रों को रोका

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट चयन ट्रायल उस समय विवादों में घिर गया, जब सीबीएसई बोर्ड के 20 से अधिक खिलाड़ियों को ट्रायल में शामिल होने से रोक दिया गया।

■ 20 से अधिक खिलाड़ी बिना ट्रायल लौटे

आरोप है कि केवल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी गई। प्रभावित खिलाड़ियों और अभिभावकों का कहना है कि बच्चे कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे थे और कुछ विशेष अनुमति लेकर स्कूल से ट्रायल देने पहुंचे थे, लेकिन मैदान पर पहुंचने के बाद उन्हें वापस भेज ⏭ शेष पेज 4 पर





# 'द इंडिया स्टोरी' 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style

# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता



अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयाराब' सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।' उन्होंने कहा था, 'यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।'

हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म 'द ओडिसी' 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर 'ओपेनहाइमर' से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स।** 'द हंट फॉर गोलम' में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, 'द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। 'द हंट फॉर गोलम' बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को 'एक्शन की रानी' कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम 'टाइगर जिंदा है' (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह 'टाइगर' फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार 'जोया' (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई।** सनी देओल आगामी फिल्म 'बटवारा 1947' को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म 'अर्जुन' का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म 'अर्जुन' का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

टीवी मसाला




# 'कौन बनेगा करोड़पति 18' की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर 'हॉट सीट' पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

***कौन बनेगा करोड़पति 18 का नया फॉर्मेट :*** अमिताभ बच्चन इस शो के नए सजीन के साथ फिर से वापसी के लिए तैयार हैं। शो के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के नए प्रोमो जारी किए हैं, जिनमें होस्ट अमिताभ बच्चन को रोजमर्रा की स्थितियों में दिखाया गया है। इन प्रोमो में बताया गया है कि आज जानकारी आसानी से मिल जाती है और टेक्नोलॉजी ने लोगों के सीखने का तरीका बदल दिया है, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जानकारी का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि सोचना और सही फैसले लेना भी जरूरी है। ऐसे में कंटेस्टेंट्स को सिर्फ चीजें याद रखने के बजाय सोचने-समझने पर भी ध्यान देना होगा।

***केबीसी 18 नए ट्विस्ट के साथ 10 अगस्त से होगा शुरू :*** 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त 2026 को होगा। चैनल ने शो के कई प्रोमो शेयर किए हैं, जिससे पता चलता है कि इस बार इसमें नया ट्विस्ट आने वाला है। पहले प्रोमो में बिग बी कहते हैं, 'इतिहास, खेल, विज्ञान इन सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि अब खेल जो है वो बदल गया है। केवल उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा।' दूसरे प्रोमो में दिग्गत अभिनेता कहते हैं, 'देखिए आज एआई ने दुनिया को बदल दिया है। ये बदलाव जो है ना रुकने वाला नहीं है जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन होता है। इस बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए केबीसी में भी हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, अब उत्तर देने से पहले आपको सोचना पड़ेगा।'

### कौन बनेगा करोड़पति 18 का तीसरा प्रोमो

तीसरे प्रोमो में वह कहते हैं, 'आज कल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गया है। आपकी जेब मैं भी। नहीं समझे? अरे भाईसाहब आपके फोन पर। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उसके लिए जवाब आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।'

# जिस्सू 'बहुरूपी' में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह 'बहुरूपी' के सीक्वल 'बहुरूपी: द गोल्डन डाकू' में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ('पोस्टो' और 'बाबा बेबी ओ' जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई।** रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि 'रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।' यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया 'प्रलय' का लुक
## 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका



**मुंबई।** रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म 'प्रलय' के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, 'बाबा नाराज हो क्या?', तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

### रणवीर बनेंगे 'प्रलय' के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी 'मां कसम फिल्म्स' के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।

# गोविंदा की वापसी से पहले ओटीटी पर जरूर देखें उनकी सुपरहिट फिल्में...

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने बड़े पर्दे पर वापसी का ऐलान कर अपने प्रशंसकों को खुशखबरी दी है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह जल्द ही फिल्म 'रूपा' में नजर आएंगे। उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में नई फिल्म के रिलीज होने से पहले आइए गोविंदा की उन शानदार फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिनका आनंद आप विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ले सकते हैं।*

### 'हीरो नंबर 1' और 'कुली नंबर 1'

साल 1997 में आई डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म 'हीरो नंबर 1' में गोविंदा के साथ करिश्मा कपूर, कादर खान और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। कॉमेडी फिल्म 'कुली नंबर 1' में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, कादर खान, हरीश कुमार और शक्ति कपूर ने काम किया था। इस फिल्म का भी आप प्राइम वीडियो पर लुफ्त उठा सकते हैं।



### 'राजा बाबू' और 'दूल्हे राजा'

कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'राजा बाबू' में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, शक्ति कपूर, कादर खान और अरुणा ईरानी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। आप इस फिल्म को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। हरमेश मल्होत्रा के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म 'दूल्हे राजा' में गोविंदा के साथ-साथ रवीना टंडन, कादर खान, जॉनी लीवर और प्रेम चोपड़ा साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

### 'पार्टनर'

सन 2000 के दशक की गोविंदा की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'पार्टनर' को डेविड धवन ने निर्देशित किया था। इसमें गोविंदा के साथ सलमान खान, कैटरीना कैफ और लारा दत्ता भी नजर आए थे। आप इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# 'जना नायकन' ने मचाया तूफान की इतने करोड़ की बंपर बुकिंग

**मुंबई।** फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। तमिलनाडु सरकार ने सुपरस्टार विजय की नई फिल्म 'जना नायकन' के टिकटों का अधिकतम मूल्य 190 रुपये तय कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि निष्पक्षता बनी रहे और टिकटों की कालाबाजारी या मनमानी कीमत वसूली पर रोक लग सके। निर्देशक एच. विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राज्य में इसकी एडवांस बुकिंग 19 जुलाई से शुरू हो जाएगी।



### एडवांस बुकिंग दुनिया भर में 4 करोड़ पार

'जना नायकन' फिल्म रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। 16 जुलाई तक, इसकी एडवांस बुकिंग ने दुनिया भर में 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। रिलीज के दिन, दक्षिण भारत में सुबह 6 बजे से ही फिल्म के शो शुरू हो जाएंगे। वहीं, कर्नाटक के सिनेमाघरों में, जहां टिकटों की कीमतों पर कोई सरकारी पाबंदी नहीं है, वहां एक टिकट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। उत्तर भारत में फिल्म की भारी मांग के कारण इसे लगभग 2000 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। साथ ही मुंबई के मलाड और अंधेरी जैसे तमिल बहुल इलाकों में सुबह 4 बजे के विशेष शो भी रखे गए हैं।

## खबर संक्षेप



### आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी भवन में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद दीपक यादव की अध्यक्षता में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्री तोमर ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। पार्षद दीपक यादव ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के खेल होंगे तथा इससे बेहतर करने की कोशिश की जाएगी। आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता तीन श्रेणी में हुई तथा 106 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 75 किलो से 84 किलो वर्ग में कुंदन सिंह प्रथम, भमेश साहू द्वितीय एवं अब्दुल्लाह रहीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 90 किलो से ऊपर के वर्ग में जितेंद्र कुमार साहू प्रथम, सेड्रिक मिंज द्वितीय तथा मो.कैफ तीसरा स्थान, 54 किलों वजन में प्रथम उमेश कुमार, द्वतीय पीयूष विश्वकर्मा तथा तृतीय करन देवांगन रहे। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### कृति नारी साहित्य समिति ने की काव्य गोष्ठी



**अम्बिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति ने आशा उपाध्याय की अध्यक्षता में गोष्ठी की। गोष्ठी सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई। गोष्ठी में कांति पाण्डेय ने कहा कि आचरण ही व्यक्ति को समाज में स्थान दिलाता है, निर्भिक और कर्मठ व्यक्ति अपने आचरण से श्रेष्ठ बनता है। संध्या सिंह ने कहा कि आचरण आपके व्यक्तित्व का आइना है। गीता तिवारी ने कहा मन के विकारों को जीतकर ही उत्तम आचरण को पाया जा सकता है। अंजु पाण्डेय ने कविता कुल का नाम उठाए गिराए सिर्फ आपका आचरण, माधुरी जायसवाल ने आचरण पहला चरण है, सीखिए सिखलाइए, संतोषी चंदेल गुड़िया ने सीखकर जो आचरण हम आप होते है बड़े रूही गजाला ने अर्श से लाकर पटकता फर्श पर, निर्मला श्रीवास्तव ने धन, पद या जाति से नहीं आचरण की प्रस्तुति दी। सीमा तिवारी ने कहा हर बच्चे को नैतिक शिक्षा का प्रथम आचरण घर से मिलता है। उपमा पाण्डेय ने कहा आचरण की उत्तमता ही आपको गौरवान्वित करती है, चाहे आप जिस किसी भी वर्ग के हों। राजलक्ष्मी पाण्डेय ने कहा कि रूप,धन, ऐश्वर्य से नही, सादगी और विनम्रता के साथ सभी से निष्पक्ष सम्मान जनक व्यवहार ही आपको हर जगह श्रेष्ठता प्राप्त करवाता है। अंत में समिति की नव नियुक्त सचिव संध्या सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### हाथियों ने ग्राम उरंगा के दो घरों में की तोड़फोड़, खा गए अनाज



**अम्बिकापुर।** दल से भटककर अलग घूम रहे दो हाथियों ने शुक्रवार की रात ग्राम उरंगा में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती में पहुंचकर दो घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखे अनाज को चटकर दिए। वर्तमान में मैनपाट में 19 हाथी अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हैं तथा खरीफ फसलों को रौंदने के साथ ही ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। पूर्व से क्षेत्र में 12 हाथियों का दल मौजूद है जबकि दो हाथी लम्बे समय से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। पांच हाथियों का एक नया दल भी क्षेत्र में लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात दो हाथियों का दल ग्राम उरंगा पहुंच गया तथा दो घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखा अनाज खा गए। काफी देर तक गांव की गलियों में घूमने के बाद हाथी पूरी रात खरीफ फसलों को रौंदते रहे। इस दौरान पीड़ित परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। दो हाथियों के कभी भी आबादी क्षेत्र में पहुंचने के कारण क्षेत्रवासी भय के साए में रातें गुजार रहे है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कोटरा घायल

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत आमगांव मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक कोटरा घायल हो गया। राहगीरों की नजर घायल कोटरे पर पड़ी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना वन अमले को दी। मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए राहगीरों ने घायल कोटरा को बाइक से कमलेश्वरपुर लाकर वनकर्मियों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में उसकी कमर में गंभीर चोट पाई गई है जिसके कारण वह ठीक से चल नहीं पा रहा था। वनकर्मियों ने तत्काल उपचार शुरू कराया। विभाग के अनुसार कोटरा फिलहाल खतरे से बाहर है और कमलेश्वरपुर में उसका इलाज जारी है।

## महुआ शराब की गंध से बस्ती में पहुंचा हाथी

# रात में घर से बाहर निकले वृद्ध की दंतैल ने कुचल कर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों के दल के आमद ने एक बार फिर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात दल से अलग हुए एक हाथी महुआ शराब की गंध से बस्ती में आ पहुंचा जिससे ग्रामीणों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इसी बीच घर से निकले वृद्ध का हाथी से आमना सामना हो गया। हाथी ने वृद्ध को कुचल कर मार डाला। हैरानी की बात तो यह है कि जब हाथी ने वृद्ध पर हमला किया उस समय वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित गांव के लोग मौजूद थे लेकिन हाथी को भगाने किसी ने हिम्मत नहीं की। गांव में हाथी की मौजूदगी के से गांव में दहशत का माहौल है वहीं वन विभाग टीम ने मृतक के परिजन को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई है।

**खास बात**
- वन अमले व ग्रामीण मौके पर रहे मौजूद, गांव में दहशत का माहौल

राजपुर वन परिक्षेत्र में पिछले 3-4 माह से चार सदस्यीय हाथियों का दल मौजूद है। कुछ दिनों से हाथियों का दल बरियों सर्किल अंतर्गत रेवतपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2556 में विचरण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा था। इसी दौरान दल से अलग हुआ एक हाथी न नवापारा बस्ती की ओर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि हाथी महुआ शराब की गंध से आकर्षित होकर बस्ती की ओर आया था। बस्ती में हाथी के आ जाने से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।



घटना स्थल पर पड़ा शव एवं वन विभाग की टीम।

**एक घर को पहुंचाया नुकसान**

दल से अलग हुआ हाथी रात लगभग 9.30 बजे रेतवपुर के नवापारा बस्ती में पहुंचा। बताया जा रहा है कि हाथी महुआ शराब की गंध से आकृर्षित होकर बस्ती में आ गया। गांव के वृद्ध पर हमला करने से पूर्व ही हाथी एक घर को नुकसान पहुंचाने के पश्चात घर में रखे महुआ को खा लिया था। बताया जा रहा है कि मृतक बालम टेकाम भी अपने घर में महुआ सूखा कर रखा था। संभवतः महुआ की गंध आने पर उसके घर के पास पहुंच गया।

**गांव में कराई जा रही मुनादी**

वन विभाग की टीम ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए गजराज वाहन के माध्यम से गांव-गांव मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर पुट्ठ, खुखड़ी, लकड़ी या अन्य वनोपज संग्रह के लिए नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही हाथियों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों से दूर रहने की हिदायत लगातार दी जा रही है।

हाथी महुआ की गंध से गांव के ही बालम टेकाम आ. स्व. परमेश्वर टेकाम (62 वर्ष) के घर के समीप पहुंच गया। इसी बीच घर से निकले बालम टेकाम का हाथी से आमना सामना हो गया। हाथी को देख बालम टेकाम भागने लगा तभी हाथी ने उसे सूंड से पकड़ पटक दिया और कुचल दिया जिससे बालक टेकाम की मौके पर ही मौत हो गइ। घटना के समय घर में मृतक की पत्नी, पुत्र और एक छोटी बच्ची मौजूद थे लेकिन सभी घर के अंदर होने तथा बाहर नहीं निकलने से सुरक्षित रहे। घटना के समय वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा सहित वन विभाग की टीम व ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। सुबह वन विभाग की टीम ने मृतक बालम साय टेकाम की पत्नी को तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। जबकि शेष 5.75 लाख रुपये का मुआवजा नियमानुसार प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

**अखोरा जंगल में हाथी**

चार सदस्यीय हाथियों का दल पिछले 3-4 माह से राजपुर वन परिक्षेत्र धंधापुर, रेवतपुर, ढुप्ती बरियों, अखोरा सहित आसपास के गांव में विचरण कर रहे है। शुक्रवार की रात चार सदस्यीय हाथियों का दल रेवतपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। इसी दौरान एक हाथी दल से अलग होकर रेवतपुर के नवापारा बस्ती में आ गया जहां एक वृद्ध को कुचल कर मारने तथा एक घर को नुकसान पहुंचाने के पश्चात अखोरा जंगल में चला गया वहीं दल के तीन हाथी अन्य क्षेत्र में विचरण कर रहे है।

**शराब के गंध से बस्ती तक पहुंचा हाथी**

हाथी आम, कटहल और विशेष रूप से महुआ शराब की गंध से आकर्षित होकर बस्तियों तक पहुंच जाते हैं। दल से अलग हुआ हाथी भी संभवतः महुआ शराब की गंध से बस्ती तक पहुंच गया। ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में महुआ शराब खुले में न रखें तथा हाथियों की सूचना मिलने पर किसी भी स्थिति में उनके पास जाने का प्रयास न करें। सतर्कता और विभागीय निर्देशों का पालन ही ऐसी घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उप वनमंडलाधिकारी



## देवनगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बालिका शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल संरक्षण एवं अन्य सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक अभिशाप ही नहीं, बल्कि कानूनी दंडनीय अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत बाल विवाह करने, कराने, सहयोग करने अथवा उसमें शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए दो वर्ष तक के कारावास एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने अभिभावकों से बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात करने की बात कही। श्री जायसवाल ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अनुचित स्पर्श, अश्लील इशारे, पीछा करना, अश्लील चित्र या वीडियो दिखाना अथवा रास्ता रोकने जैसी घटनाएं इस अधिनियम के अंतर्गत गंभीर एवं गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आती हैं।

उन्होंने बालिकाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। इस अवसर पर सुश्री फरजाना अंसारी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, आवश्यक सावधानियों का पालन करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने संबंधी जानकारी दी। इस दौरान जनार्दन यादव, सलोनी खुजूर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**रामानुजगंज।** न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित की। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 6 के छात्र शिवम ओझा, 9वीं एवं कक्षा 11 की छात्रा श्रेया राज ने 10वीं राष्ट्रीय रैंक प्राप्त कर नेशनल कंसोलेशन मेडल एवं प्रमाणपत्र अर्जित किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल एवं प्रमाणपत्र प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी विद्यालय के अकादमिक कोऑर्डिनेटर अजय जारवाल द्वारा दी गई।

## शासकीय माध्यमिक शाला कन्या आश्रम में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**प्रतापपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला कन्या आश्रम खोरमा एवं माध्यमिक शाला कन्या आश्रम शांति नगर में संयुक्त रूप से संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह रही। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं विद्यालय गणवेश विपरीत कर नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता शिक्षकों गांव और जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा खूब पढ़ो आगे बढ़ो और अपने सपनों को सरकार करो। मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई विद्यालय की व्यवस्था एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सीता बखला, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, विजेंद्र कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, रमेश.शरण सिंह उपस्थित रहे सभी उद्बोधन स्वरूप बच्चों को प्रेरणादायक उत्साहवर्धन किया। इस दौरान फूल जेंस किस्पोट्टा, विनय कुमार तिवारी, मोहम्मद नईम अंसारी, प्रधान पाठक श्रीमती साहेबानी कुजूर,नमिता खरे, अनिमा बखला, अर्चना शोभा मिंज, उपासना यादव, वंदना बेक, मंजू ममता तिर्की, नितेश श्रीवास, दिनेश कश्यप, छमिया केरकेट्टा, रेनू तिवारी, सरिता टोप्पो, प्रेम शंकर सांवले, एंजेल केरकेट्टा, राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नवप्रवेशी छात्राओं को वितरित की गई निःशुल्क पुस्तकें

**दरिमा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अगस्तु मिंज के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्राओं को चंदन तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। श्री मिंज ने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने एवं नियमित विद्यालय आने का आह्वान किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरित की। इको क्लब की छात्राओं ने स्वच्छ विद्यालय उज्जवल भविष्य पर चित्रों को प्रस्तुत किया जिसकी जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सुशीला यादव, वायु श्री सिंह, प्राचार्य श्रीमती मालती शाक्य, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती विभा चौबे सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**कुसमी।** जनपद पंचायत कुसमी के सभागार कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर एक विशेष उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सभी विद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति और समय पर शाला पहुंचने की कड़ी समीक्षा की गई। साथ ही वीएसके एप के माध्यम से सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। शालाओं में विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की गई। जो विद्यार्थी लगातार अनुपस्थित हैं, उनके लिए शिक्षकों को नियमित फॉलोअप लेने को कहा गया। साथ ही शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन कराने और शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से नवीन प्रवेशों की संख्या में वृद्धि करने की समीक्षा की गई। सत्र के दौरान विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने, नियमित अध्यापन कार्य संचालित करने, समय सीमा में पाठ्यक्रम पूरा करने तथा विद्यार्थियों के साप्ताहिक व मासिक मूल्यांकन को गंभीरता से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश प्राचार्यों को दिए।




## 8 वर्ष बाद जयनगर कोयला साइडिंग में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर

करीब 8 वर्षों से बंद पड़ी एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की जयनगर कोयला साइडिंग एक बार फिर गुलजार हो गई है। साइडिंग के पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद अब एक-दो दिनों में रेलवे रैक उपलब्ध होते ही यहां से कोयले का डिस्पैच शुरू होने की संभावना है। वर्तमान में साइडिंग में लगभग छह हजार टन कोयले का स्टॉक तैयार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पहले बिश्रामपुर क्षेत्र में जयनगर और कुमदा दो प्रमुख कोल साइडिंग संचालित होती थीं। क्षेत्र में कोयला उत्पादन घटने के बाद रेलवे रैक से कोयला भेजने का कार्य बंद कर दिया गया था। इसके बाद लंबे समय तक उपेक्षा के कारण जयनगर साइडिंग पूरी तरह वीरान हो गई। इस दौरान कबाड़ चोरों ने ओएचई तार, सीएचपी के तांबे और लोहे सहित करोड़ों रुपये की सामग्री चोरी कर ली, जिससे साइडिंग पूरी तरह निष्क्रिय हो गई। सूत्रों के अनुसार, इस बीच भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खाद्यान्न परिवहन के लिए साइडिंग के उपयोग का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। परिणामस्वरूप साइडिंग लगातार जर्जर होती चली गई।



**41 करोड़ रुपए से हुआ पुनर्निर्माण**

क्षेत्र की अमेरा, आमगांव, गायत्री और केतकी खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ने के बाद एसईसीएल ने जयनगर साइडिंग के पुनर्निर्माण के लिए करीब 41 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। निर्माण एजेंसी राइट्स को कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुनर्निर्माण के बाद हाल ही में रेलवे अधिकारियों ने नई रेल लाइन का निरीक्षण किया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद साइडिंग में विभिन्न खदानों से कोयले की डंपिंग शुरू करा दी गई है। रेलवे से रैक की मांग भेज दी गई है और रैक मिलते ही कोयला डिस्पैच शुरू हो जाएगा।

**रोड सेल को लेकर उठते रहे सवाल**

कॉलरी सूत्रों का दावा है कि वर्षों तक रेलवे रैक से कोयला डिस्पैच बंद रहने के पीछे रोड सेल व्यवस्था को प्राथमिकता दिए जाने की भी चर्चा रही। । सूत्रों का कहना है कि सड़क मार्ग से कोयला परिवहन में अधिक संख्या में ट्रकों के संचालन के कारण अनियमितताओं और अवैध कमाई की आशंकाएं समय-समय पर उठती रही हैं। जयनगर साइडिंग के पुनः चालू होने के बाद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बंद पड़ी कुमदा साइडिंग के भी नवीनीकरण की दिशा में प्रस्ताव मंगाए जाने की जानकारी सामने आई है।

TOP IN KORIYA
GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### कचहरीपारा में नाली निर्माण



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नपा क्षेत्र के कचहरीपारा मुख्य मार्ग किनारे कुछ दिनों पूर्व सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य शुरू किया गया। इस समय नाली निर्माण कार्य कराए जाने से यहां के रहवासियों को लंबे समय से घर में पानी घूस जाने की समस्या से राहत मिलेगी। वार्ड के पार्षद धीरज शिवहरे लगातार निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने में लगे हुए हैं।

### खेत जुताई कर रहा युवक गिरा ट्रैक्टर से, मौत

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर से खेत जुताई कर रहा युवक अचानक चलते टैक्टर से गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी निवासी परमेश्वर सिंह (38 वर्ष) गत दिन ट्रैक्टर से खेत में जुताई कर रहा था। इसी दौरान अचानक चलते ट्रैक्टर से गिरने से वाहन की चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### किराएदार की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले में पहली बार किराएदार का वेरिफिकेशन नहीं कराने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार किया है। युवक के किराएदार ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। अब पुलिस ने इस मामले में किराएदार के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने लोगों से सिटीजन पोर्टल और समाधान एप के माध्यम से डिजिटल रूप से किराएदारों की जानकारी अपलोड करने का आह्वान किया है। वहीं ऑफलाइन भी लोगों को वेरिफिकेशन से जुड़े दस्तावेज थाने में जमा करने को कहा गया है। बता दें कि जिले में मकान मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे मकान में किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने के पूर्व उसका सत्यापन कराकर एवं निर्धारित जानकारी संबंधित थाना में प्रस्तुत करेगा। नियमों का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में जिले में सरगुजा पुलिस द्वारा किराएदारों के वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को थाना स्तर पर की गई जांच से पता चला की राहुल विश्वकर्मा सरगंवा गैस गोदाम के पास स्थित अपने मकान में कुछ व्यक्तियों को किराये पर निवास हेतु दिया किन्तु उनके संबंध में निर्धारित शर्तों के अनुसार थाना गांधीनगर अम्बिकापुर में कोई सूचना अथवा किरायेदार सत्यापन प्रस्तुत नहीं किया।

## कलेक्टर ने शिक्षकों को गुणवत्ता, अनुशासन और संवेदनशीलता का दिया मंत्र

# हर विद्यार्थी को अपना बच्चा समझकर पढ़ाइए- कलेक्टर

**भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

हर विद्यार्थी को अपना बच्चा समझकर पढ़ाइए, तभी शिक्षा की तस्वीर बदलेगी।' इसी भावपूर्ण संदेश के साथ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव ने जिले के समस्त प्राचार्यों, प्रधान पाठकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था को संवेदनशील, जवाबदेह और परिणाममुखी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार, आत्मविश्वास एवं जीवन मूल्यों के निर्माण में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने सभी शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर विद्यालय पहुंचने तथा पूरी प्रतिबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रत्येक विद्यालय को शत-प्रतिशत नामांकन एवं ड्रॉपआउट मुक्त विद्यालय बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा अनुपस्थित विद्यार्थियों को पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राचार्य एवं प्रधान पाठक स्वयं भोजन का नियमित परीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन मिले। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी बच्चे को जर्जर अथवा असुरक्षित भवन में न बैठाया जाए। जिन विद्यालयों में मरम्मत अथवा अन्य आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर सुरक्षित एवं बेहतर शिक्षण वातावरण विकसित किया जाए। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कलेक्टर ने तीन अभिनव पहल शुरू करने के निर्देश दिए। मेधावी विद्यार्थियों के जन्मदिवस पर ₹टॉपर तिथि भोज₹ का आयोजन। प्रतिदिन कक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सामान्य ज्ञान के पाँच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा। प्रत्येक शनिवार विद्यार्थी-नेतृत्व आधारित विशेष सभा का आयोजन, जिसमें विद्यार्थी स्वयं मंच संचालन कर सामान्य ज्ञान, प्रेरक प्रसंग, नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विषयों पर प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जन्म प्रमाण-पत्र, आधार, राशन कार्ड अथवा अन्य अभिलेखों में विसंगतियों के कारण किसी भी विद्यार्थी का आपार आईडी अथवा छात्रवृत्ति पंजीयन प्रभावित नहीं होना चाहिए। सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर इन त्रुटियों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष अभियान चलाकर यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) का शत-प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक तीन माह में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए तथा अभिभावकों से इन बैठकों में अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के बेहतर समन्वय से ही बच्चों की कमियों की समय रहते पहचान कर उनका प्रभावी समाधान किया जा सकता है।




### शिक्षकों पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों की गरिमा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कोई शिक्षक मद्यपान कर विद्यालय आता हुआ पाया जाता है तो उसका तत्काल चिकित्सीय परीक्षण कराकर नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय संस्कार निर्माण का केंद्र हैं और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

# आईआईटी भिलाई में चमके कोरिया के शिक्षक



**चरचा कॉलरी।** जिले के विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोरिया का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार चरणों वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा एवं अंतिम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगात्मक शिक्षा और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों से रूबरू कराया गया, जिससे जिले के विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित शिक्षा को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन आयुक्त समग्र शिक्षा किरण कौशल के नेतृत्व में किया गया। उप संचालक ए.के. सारस्वत, सहायक संचालक मंजू साहू तथा सहायक कार्यक्रम समन्वयक राजेश सोनकर के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी जिलों से चयनित विज्ञान एवं गणित के शिक्षक एवं व्याख्याताओं ने इसमें भाग लिया। कोरिया कलेक्टर रोक्तिमा यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के चयनित शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में सेजेस चरचा के व्याख्याता कमल डड़सेना, शासकीय माध्यमिक शाला बालक चरचा के शिक्षक अमरनाथ सिंह, सुकांत समरथ, अगस्त तिवारी, राहुल टंडन, केशव कुमार, शांतनु आजाद सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. महबूब आलम एवं डॉ. ध्रुव प्रताप सिंह ने किया।

■ विज्ञान शिक्षा को मिलेगी नई दिशा

## पार्क में बंद दिखी गाय...



बैकुण्ठपुर। शहर के इंदिरा पार्क में एक गौवंश बंद हो गई थी और वह रविवार को पूर्वान्ह के समय घंटों पार्क के मुख्य गेट पर खड़ी हो बाहर निकलने के लिए सड़क की ओर झांकती रही।

# खुले में कचरा डंप, वार्ड का माहौल दूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर पंचायत द्वारा खुले में कचरा डंप करने से वार्ड का माहौल दूषित हो गया है। कचरे से उठने वाली दुर्गन्ध ने वार्डवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। इस संबंध में प्रभावित लोगों ने रिहायशी इलाके से दूर कचरा डंप कराने की मांग की है ताकि प्रदूषित माहौल और दुर्गंध से रिहायशी इलाके के लोगो को निजात मिल सके। लोग स्वच्छ एवं खुले वातावरण में बिना किसी परेशानी के रह सके।

विदित हो कि वार्ड क्रमांक 10 के होलिका दहन मैदान में नगर पंचायत द्वारा शहर का पूरा कचरा लाकर डंप किया जा है जिसकी वजह से वार्ड का माहौल काफी गंदा एवं प्रदूषित हो गया है। होलिका दहन मैदान के आसपास रिहायशी क्षेत्र होने की वजह कचरे से उठने वाली सड़ांध ने लोगो का जीना मुहाल कर दिया है। इस संबंध में नगर पंचायत को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। आसपास के रहवासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। काफी लंबे समय से कचरा डंप होने की वजह से लोगों को स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सालों से पड़ा कचरा सड़ने की वजह से अब वहाँ मक्खी मच्छर पनपने लगे है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा कचरे को जलाने की वजह से निकलने वाले धुंए से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है। कचरे की वजह से होने वाली परेशानी और बीमारियों का हवाला देते हुए लोगो ने अपनी समस्या से कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया लेकिन कचरा डंप के लिए अन्य कोई उपयुक्त जगह नही होने के कारण नगर पंचायत ने वहां कचरा डंप करना जारी रखा। आज वार्डवासियों के लिए जी का जंजाल बन गई है।

### दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल



मैदान में पड़ा कचरा।

# सर्पों से सुरक्षा को लेकर दी गई जानकारी



**मनेन्द्रगढ़।** इंडिया वाइल्डलाइफ रेस्क्यूवर्स ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद कुमार पाण्डेय ने पुलिस कर्मियों को सर्पों से सुरक्षा,सर्पों की सुरक्षा संबंधी जानकारी दी व प्रदर्शन किया।

आल इंडिया वाइल्डलाइफ रेस्क्यूवर्स ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज पुलिस अधीक्षक, एमसीबी के कहने पर उन्होंने अपनी स्नेक सेवर टीम के साथ पुलिस ग्राउंड, आमाखेरवा में पुलिस अधिकारियों व उनके सहकर्मियों को सर्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि कौन-कौन से सर्प जहरीले होते हैं और कौन से नहीं, उनसे कैसे बचना चाहिए साथ ही जैव विविधता संतुलन के लिए सर्पों को कैसे बचाना चाहिए, उन्हें कैसे पकड़ना चाहिए आदि, ताकि पुलिसकर्मी कभी अवसर हो तो सर्पों से स्वयं का व आमजन की सुरक्षा कर सकें। इस अवसर पर स्नेक सेवर टीम के तंजीम अंसारी, वाहिद खान व मोहम्मद नबी और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाय को बचाने के चक्कर में 43 रेलिंग में घुसा ट्रक, बाल-बाल बचे चालक-परिचालक

**सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मंगारी बनिया टिकरा पुलिया के समीप गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक रेलिंग में जा घुसा। दुर्घटना में चालक व परिचालक बाल-बाल बच गए लेकिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एनएच 43 मंगारी बनिया टिकरा पुलिया के पास तड़के 5 बजे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी क्यू 9455 आ रही थी। जैसे ही चालक वाहन लेकर पुलिया के समीप पहुंचा तभी गाय को बचाने के चक्कर में पुल के रेलिंग में घुस गया जिससे ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वही ट्रक चालक शहडोल निवासी विमल यादव आ. लल्लू यादव (30 वर्ष) के सिर में चोट लगने से घायल हो गया। जबकि सिहरी निवासी क्लीनर सोनू यादव आ.. बब्बू यादव (23 वर्ष) के हाथ में चोट लगा जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से उप स्वास्थ्य केंद्र मंगारी में इलाज करवाया गया। ट्रक उड़ीसा में कोयला खाली कर कोतमा जा रहा था।



## महिला को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर किया दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र में पखवाड़े भर पूर्व एक महिला से कार सवार दो युवकों द्वारा गैंगरेप की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। प्रार्थी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठाया और फिर कोई नशीला पदार्थ सूंघाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।घटना पखवाड़े भर पूर्व 3 जूलाई की बताई गई है,बताया गया कि गैंगरेप के बाद महिला की तबीयत ज़्यादा बिगड़ गई जिसके बाद उसके परिजनों ने उसका अंबिकापुर के अस्पताल में उपचार कराया ,इलाज उपरांत जब महिला पूरी तरह स्वस्थ हो गई तब उसने जयनगर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। जयनगर पुलिस ने मामले में आरोपी दो युवकों सुशांत सिकदार और अखिलेश राय दोनों निवासी रवींद्रनगर के खिलाफ बीएनएस की धारा 70 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

# सुरक्षित पदयात्रा के लिए उठाए गए कदम स्वागत योग्य

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन शैलेष जैन ने जैन साधु-साध्वियों के सुरक्षित पदयात्रा (विहार) के लिए राज्य शासन द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत करते हुए इसे धार्मिक आस्था और मानवीय संवेदनाओं का सम्मान बताया है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास से पूर्व देशभर में जैन साधु-साध्वियां विभिन्न मार्गों से पैदल विहार करते हैं। ऐसे में व्यस्त सड़कों और बढ़ते यातायात के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।



शासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देना एक दूरदर्शी और सराहनीय निर्णय है। शैलेष जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को विहार मार्गों पर आवश्यक सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे साधु-साध्वियों का विहार अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसकी धार्मिक परंपराओं और संतों के प्रति सम्मान की भावना से होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान और संवेदनशील प्रशासन की सोच को दशार्ता है। शासन ने समय रहते जो पहल की है, उससे समाज में सकारात्मक संदेश गया है और श्रद्धालुओं में विश्वास भी बढ़ा है। रेडक्रॉस सोसायटी जिलाध्यक्ष ने कहा कि जैन साधु-साध्वियां अहिंसा, संयम, तप और मानव कल्याण का संदेश लेकर पैदल विहार करते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रजौली में 'कैच द रेन'...

उपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय खुले एक माह से अधिक समय हो चुका है, इसके बावजूद कम उपस्थिति गंभीर लापरवाही है। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी आत्महत्या मामले...

कुमार चौक पर सड़क जाम- धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कुमार चौक पर सड़क पर बैठकर सिविल लाइन मार्ग को कुछ समय के लिए जाम कर दिया। इस दौरान न्याय और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पुराने तहसील कार्यालय के पास से सिविल लाइन और सोसायटी मार्ग पर आवागमन अस्थायी रूप से रोक दिया, जबकि मुख्य मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा।

रैली के दौरान दुकान पर पथराव- रैली जब फव्वारा चौक स्थित आरोपियों की सील की जा चुकी दुकान के सामने से गुजर रही थी, तब भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने दुकान की ओर पत्थर फेंके। पुलिस की तत्परता से स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया और किसी बड़ी अप्रिय घटना को टाल दिया गया। इसके बाद दुकान के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि किशोरी आत्महत्या प्रकरण में दुकान संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दुकान को सील किया गया था। बाद में दुकान खोले जाने के बाद इस मामले को लेकर लोगों में आक्रोश बना हुआ है।

मांगों को लेकर एसपी को सौंपे ज्ञापन- आदिवासी युवा छात्र संगठन छग द्वारा नाबालिग छात्रा आत्महत्या मामले में विभिन्न मॉगों को लेकर एसपी कोरिया को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यसभा सांसद नंद कुमार साय भी मौजूद रहे। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मृतका की छोटी बहन के कथनों एवं उपलब्ध सीसीटीव्हीं साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाए। पीड़ति परिवार को तत्काल कम से कम एक करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किए की जाए।

### अंडर-14 क्रिकेट...

दिया गया। उनका आरोप है कि यदि ऐसा कोई नियम था, तो इसकी जानकारी पहले सार्वजनिक की जानी चाहिए थी। घटना के बाद अभिभावकों और खेल प्रेमियों में नाराजगी है। उन्होंने चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच, स्पष्ट नियमावली जारी करने तथा वंचित खिलाड़ियों के लिए दोबारा ट्रायल आयोजित करने की मांग की है।

# चेक बाउंस के प्रकरणों का निराकरण करने लगाई गई विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चेक बाउंस के मामलो के निराकरण हेतु शनिवार को शेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक अदालत में 34 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

बता दें कि विधिक सेवा प्राधिकरण सरगुजा के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन में 18 जुलाई को चेक बाउंस के प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया था। लोक अदालत में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के खंडपीठ क्रमांक दो में चेक बाउंस के प्रकरण का निराकरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव लीनम बनसोड़े ने बताया कि न्यायालयीन सूत्रों के अनुसर परिवादी ने अनावेदक को एक लाख पचास हजार रुपये का ऋण दिया था जिसके भुगतान के लिये अनावेदक ने चेक पर 75 हजार रूपए की राशि भरकर दी गई थी। बाद में उक्त चेक बोस हो गया था और प्रकरण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षकार के मध्य घनिष्ठ संबंध था परंतु पैसे की लेनदेन को लेकर मन मुटाव हो गया और दोनों पक्ष के रिश्ते खराब हो रहे थे। दोनों पक्षों को न्यायालय द्वारा इस विशेष लोक अदालत में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। लोक अदालत में सुनवाई के दौरान आपसी सहमती से अनावेदक द्वारा समझौता राशि 75 हजार रूपए प्रदान किया गया। इसी तरह खंड पीठ क्रमांक 4 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश पूजा मण्डावी के समक्ष पेश किए गए प्रकरण में परिवादी द्वारा अनावेदक को 6 लाख रूपए प्रदान किया गया था।

